हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 5 नवंबर 2026

04 कृषि उपज मंडी में ट्रैक्टर-ट्रॉली में तोड़फोड़ और किसानों को धमकाने के...



05 13 किमी रेल ट्रैक के सीआरएस निरीक्षण के लिए नरसिंहगढ़...



सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

खबर संक्षेप

कराते प्रतियोगिता में गुंजन ने जीता पदक

सीहोर। शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की छात्रा गुंजन नागले ने कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय सहित जिले का गौरव बढ़ा है। तीन नवंबर को लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, भोपाल में आयोजित नोडल लेवल कराटे टूर्नामेंट 2026-27 में गुंजन नागले ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें गुंजन ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा ने गुंजन को बधाई देते हुए कहा कि खेल एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य छात्राओं को भी खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

वीसी के माध्यम से बैठक में हुए शामिल


सीहोर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में आयोजित बैठक में आगामी त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सीहोर जिले के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर बालागुरू के., जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना एवं एएसपी डॉ प्रशांत चौबे शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने नशा विरोधी अभियान, नारकोटिक्स नियंत्रण की कार्रवाई की समीक्षा की।

एमपीआरडीसी व ब्रिज कॉर्पोरेशन के दावे अधूरे साबित हुए

लोकार्पण के बिना हाउसिंग बोर्ड आरओबी पर वाहनों का ट्रैफिक शुरू, नहीं हटी दीवार

बीते ढाई सालों से ओवर ब्रिज के इंतजार में परेशानी भोग रही जनता, ब्रिज के सामने से नहीं हटी दीवार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के पुराने इंदौर-भोपाल मार्ग पर बहुप्रतीक्षित हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज पर बिना किसी आधिकारिक उद्घाटन और लोकार्पण के ही ट्रैफिक शुरू हो गया है। हालांकि फिलहाल इस पर केवल दोपहिया वाहनों की ही आवाजाही हो रही है, जबकि चार पहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक बरकरार है। इस बीच निर्माण एजेंसी एमपीआरडीसी और ब्रिज कॉर्पोरेशन के तमाम बड़े-बड़े दावे पूरी तरह कागजी और अधूरे साबित हुए हैं। एजेंसी की लापरवाही और अधूरे कामों के बावजूद जनता की राहत को देखते हुए बाइक चालकों ने खुद ही इस पर से आवाजाही शुरू कर दी है। इस पूरी स्थिति ने विधायक सुदेश राय के उस रुख को बिल्कुल सही साबित कर दिया है, जिसमें उन्होंने पहले ही चेतावनी दी थी कि जब तक काम पूरी तरह से पूरा नहीं हो जाता वे उद्घाटन नहीं होने देंगे। यदि एमपीआरडीसी के आधे-अधूरे दावों पर भरोसा कर जल्दबाजी में उद्घाटन कर दिया जाता तो शहरवासियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता।

अधूरे दावों की पोल खुली

मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन और निर्माण एजेंसी ने बड़े-बड़े दावे किए थे कि 1 नवंबर तक ब्रिज पर सफेद पट्टियों का काम पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन धरातल पर एजेंसी की पोल खुल गई है। एमपीआरडीसी का दावा था कि 1 नवंबर तक सफेद पट्टियां (पेंटिंग) का काम पूरा हो जाएगा, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह काम अभी भी अधूरा पड़ा हुआ है। ब्रिज पर अभी फिनिशिंग डामर की अंतिम परत वेयरिंग कोट तक नहीं चढ़ाई जा सकी है। इसके चलते सडक़ खुरदुरी बनी हुई है और वाहन चालकों को दचके महसूस हो रहे हैं।

खुले हुए सरिए

निर्माण एजेंसी की लापरवाही का आलम यह है कि ब्रिज के ऊपर पिलरों के जोड़ों से अभी भी लोहे के सरिए बाहर झांक रहे हैं, जिससे साफ पता चलता है कि सुरक्षा और फिनिशिंग के लिहाज से काम अभी कितना अधूरा है। ब्रिज के सामने खड़ी दीवार भी नहीं हट सकी है।

विधायक की सतर्कता आई काम

विधायक सुदेश राय ने पहले ही साफ कर दिया था कि जब तक ब्रिज का निर्माण कार्य पूरी तरह मुकम्मल नहीं हो जाता, तब तक वे इसका उद्घाटन नहीं होने देंगे। उनकी यह बात आज बिल्कुल सटीक साबित हुई है। एमपीआरडीसी के अधूरे और लचर दावों की वजह से यदि समय से पहले इस ब्रिज का औपचारिक उद्घाटन हो जाता तो शहर की जनता को गंभीर परेशानियों और हादसों से जूझना पड़ता। विधायक ने कहा है कि वे जल्द ही ब्रिज कॉर्पोरेशन और एमपीआरडीसी के अधिकारियों से चर्चा करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि बचे हुए सभी काम पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द पूरे हों, जिसके बाद ही जनहित में ट्रैफिक की पूरी शुरुआत की जाएगी।

ढाई साल से जूझ रही जनता

सीहोर के पुराने इंदौर-भोपाल रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड फाटक और फंदा फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण जनवरी 2024 में शुरू हुआ था, जिसे जून-जुलाई 2025 तक पूरा होना था। एजेंसी की लेटलतीफी और ईरान-इजराइल युद्ध के चलते डामर की आपूर्ति ठप होने का हवाला देकर प्रोजेक्ट को लंबा खींचा गया। इन ढाई वर्षों में सीहोर की जनता ने धूल के गुबार, गड्ढों और बारिश के कीचड़ में न जाने कितने कष्ट झेले। एप्रोच रोड के लिए तो जनता को उग्र प्रदर्शन और यज्ञ तक करने पड़े थे।



गांवों में शराब की अवैध बिक्री रोकने सरपंच-सचिवों पर सौंपी जिम्मेदारी

चुनावी साल में धर्मसंकट में फंसे सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ग्राम पंचायत चुनावों की सरगर्मी के बीच जिले का राजनीतिक और सामाजिक माहौल पूरी तरह गरमा गया है। आगामी 5 से 6 महीनों में पंचायत चुनाव प्रस्तावित हैं और इसी चुनावी सुगबुगाहट के बीच जिला प्रशासन का एक कड़ा फरमान सरपंचों के लिए गले की फांस बन गया है।

खातेगांव में शराब माफिया द्वारा टीआई की हत्या की दर्दनाक घटना के बाद जागा जिला प्रशासन अब सीहोर जिले की सभी 542 ग्राम पंचायतों में अवैध शराब पर लगाम कसने के लिए सरपंचों और सचिवों को मुखबिर बनाने जा रहा है।

लेकिन इस आदेश ने सरपंचों के सामने ऐसा दोहरा धर्मसंकट खड़ा कर दिया है, जहां एक तरफ कुआं है तो दूसरी तरफ खाई। बता दें गांवों में अमूमन सीमित मतदाता होते हैं, जहाँ एक-एक वोट जीत-हार तय करता है।

यदि सरपंच अपने गांव में अवैध शराब बेचने वाले किराना दुकानों, ढाबों या अवैध तस्करों की शिकायत प्रशासन से करते हैं तो उन दुकानदार परिवारों और उनके समर्थकों से सरपंच की सीधी बुराई हो जाएगी। चुनाव के इस नाजुक समय में कोई भी जनप्रतिनिधि अपने ही गांव के परिवारों से सीधी बुराई मोल लेकर अपना वोट बैंक नहीं बिगाडऩा चाहता।

महिला मतदाताओं की नाराजगी का डर

दूसरी ओर गांवों में अवैध शराब और कच्ची शराब के कारण सबसे ज्यादा परेशान महिलाएं होती हैं। आए दिन ग्रामीण महिलाएं शराब बिक्री के विरोध में सडक़ों पर उतरती हैं। यदि सरपंच आबकारी विभाग को सूचना नहीं देते और गांव में अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा है तो गांव की आधी आबादी यानी महिला मतदाता सरपंच से सीधे नाराज हो जाएंगी। महिला मतदाताओं का एकमुश्त विरोध किसी भी प्रत्याशी की चुनावी नैया डुबोने के लिए काफी है। सरपंचों के सामने परेशानी यह है कि अगर शिकायत करें तो शराब बेचने वाले परिवारों से दुश्मनी और अगर चुप्पी साधें तो गांव की महिलाओं का भारी आक्रोश का सामना चुनावों में करना होगा। यह स्थिति इसलिए भी बेहद दिलचस्प हो गई है क्योंकि ग्रामीण राजनीति में अक्सर पंचायत चुनावों के दौरान उम्मीदवारों पर मतदाताओं को लुभाने के लिए शराब बांटने के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन इस बार हवा का रुख बिल्कुल उलट है। जिन जनप्रतिनिधियों पर शराब बांटने के आरोप लगते थे, अब प्रशासन ने उन्हीं के कंधों पर अवैध शराब बंद कराने और मुखबरी करने की जिम्मेदारी डाल दी है।

खातेगांव कांड के बाद एक्शन में प्रशासन

कलेक्टर बालगुरु के. ने जिला पंचायत सीईओ और सभी एसडीएम को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गांवों में चोरी-छिपे, फेरी लगाकर, एजेंटों या डायरी सिस्टम से बिकने वाली शराब की जानकारी मिलते ही सरपंच-सचिव तुरंत आबकारी विभाग को सूचित करें।

नियम लागू

- सीहोर : 154 ग्राम पंचायतें
- आष्टा : 144 ग्राम पंचायतें
- भैरुंदा : 101 ग्राम पंचायतें
- इछावर : 77 ग्राम पंचायतें
- बुधनी : 66 ग्राम पंचायतें

बारह खंबा मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक अधिकारियों को दिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इछावर तहसील के ग्राम देवपुरा में दीपावली के दूसरे दिन आयोजित होने वाला बारह खंबा मेला क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है। मेले में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारू आयोजन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने मेले की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में लगाए जाने वाले झूलों की मजबूती एवं सुरक्षा की जांच आयोजन से पहले अनिवार्य रूप से कराई जाए, ताकि मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका न रहे। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने, मेला क्षेत्र में साफ-सफाई रखने तथा श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के साथ ग्राम देवपुरा स्थित बारह खंबा मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए और सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएं। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने भी सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम स्वाती मिश्रा, तहसीलदार गजेन्द्र लोधी एवं जनपद सीईओ रूसाली पोरस सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के., एएसपी डॉ प्रशांत चौबे, एसडीएम स्वाती मिश्रा ने पटाखा बाजार के लिये निर्धारित स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने पटाखा दुकानों के आवंटन, दुकानों के बीच निर्धारित दूरी, अग्नि सुरक्षा के इंतजाम तथा सुरक्षा संबंधी अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बाजार में की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पटाखा बाजार में सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

दुकानों पर अग्निशमन यंत्र एवं रेत-पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए तथा निर्धारित स्थानों पर ही पटाखों का विक्रय हो। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से सतत निगरानी रखें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

भिंड से भोपाल जा रहा 42 क्विंटल संदिग्ध मावा पकड़ा, 107 बोरियां जब्त, मिलावटखोरों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



त्योहारों के बीच खाद्य पदार्थों में मिलावट और संदिग्ध कारोबार के खिलाफ प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। श्यामपुर में पुलिस और खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आयशर वाहन से करीब 42 क्विंटल मावा जब्त किया है। भिंड के दुलारपुरा से भोपाल ले जाई जा रही इस भारी खेप में 107 बोरियां मिली हैं। खाद्य विभाग ने मावे के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। फिलहाल पूरी खेप को कोल्ड स्टोरेज में सुरक्षित रखवाया गया है।

मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी, आयशर वाहन रोका

जानकारी के अनुसार, पुलिस और खाद्य सुरक्षा प्रशासन को सूचना मिली थी कि एक वाहन में बड़ी मात्रा में मावा परिवहन कर भोपाल ले जाया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए श्यामपुर पुलिस और खाद्य विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। संदिग्ध आयशर वाहन को रोककर उसकी सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन में मावे से भरी 107 बोरियां बरामद हुईं। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हलचल मच गई। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, जब्त वाहन का पंजीयन क्रमांक MP 04 YB 6936 है। वाहन में रखी प्रत्येक बोरी में लगभग 40 किलोग्राम मावा भरा हुआ था। इस तरह कुल खेप का वजन करीब 42 क्विंटल आंका गया है। वाहन चालक की पहचान सत्यभान सिंह के रूप में हुई है। पुलिस और खाद्य विभाग द्वारा चालक से पूछताछ कर परिवहन से जुड़े दस्तावेजों तथा अन्य जानकारी की पड़ताल की जा रही है।

आपूर्ति के दस्तावेजों पर सवाल

खाद्य विभाग के अनुसार, मावे की आपूर्ति और अंतिम डिलीवरी स्थल को लेकर मौके पर स्पष्ट एवं पुख्ता दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। चालक के पास माल कहां उतारा जाना था, इसकी विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध नहीं थी। ऐसे में विभाग ने परिवहन व्यवस्था, माल के स्रोत और संबंधित कारोबारियों की भूमिका की जांच शुरू कर दी है। भिंड से भोपाल तक मावे की खेप किन लोगों के माध्यम से पहुंचाई जा रही थी, यह भी जांच का विषय है।

सैंपल लैब भेजे, कोल्ड स्टोरेज में सुरक्षित रखवाई खेप

खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपाली कांगे के अनुसार, मावे की मौके पर प्रारंभिक जांच की गई। गुणवत्ता सामान्य प्रतीत होने के बावजूद मिलावट और स्वास्थ्य संबंधी आशंकाओं को देखते हुए नमूने एकत्रित कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। मावे के खराब होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए पूरी खेप को सुपुर्दगी में लेकर स्थानीय कोल्ड स्टोरेज में सुरक्षित रखवाया गया है।

रिपोर्ट के बाद तय होगी कार्रवाई

खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई निर्धारित की जाएगी। यदि मावे में मिलावट या खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन सामने आता है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस और खाद्य विभाग की जांच जारी है। इतनी बड़ी मात्रा में मावे की खेप पकड़े जाने के बाद संदिग्ध खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

सीहोर की नन्ही बेटी अभिश्री नामदेव ने रचा इतिहास

बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश के सीहोर जिले की नन्ही और प्रतिभाशाली बेटी अभिश्री नामदेव ने अपनी विलक्षण प्रतिभा और असाधारण स्मरण शक्ति के दम पर सीहोर सहित पूरे प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। अभिश्री को कम उम्र में अद्भुत याददाश्त और बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए प्रतिष्ठित संस्था बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा विश्व रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया है। जारी किए गए आधिकारिक प्रमाण पत्र के अनुसार, अभिश्री ने मात्र 1 वर्ष 11 माह और 25 दिन की आयु में अपनी असाधारण मानसिक क्षमता का परिचय दिया। इतनी कम उम्र में उनकी स्मरण शक्ति, जानकारी को ग्रहण कर उसे याद रखने की क्षमता, एकाग्रता, बारीकी से चीजों को देखने-समझने और सीखने की क्षमता ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। अभिश्री अपनी उम्र के अन्य बच्चों की तुलना में कई विषयों की बेहतर पहचान रखती हैं। उन्हें विभिन्न रंगों और आकारों की स्पष्ट पहचान है। इसके साथ ही वह अनेक जानवरों और उनकी आवाजों को भी आसानी से पहचान लेती हैं। नन्हीं अभिश्री को अंग्रेजी वर्णमाला और अंकों की भी अच्छी पहचान है, जो उनकी विलक्षण प्रतिभा को दर्शाती है।

अभिश्री की इस असाधारण उपलब्धि को 18 अक्टूबर को बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया। उन्हें "कम उम्र में असाधारण स्मरण शक्ति का प्रदर्शन करने वाली बच्ची" के विश्व रिकॉर्ड खिताब से सम्मानित किया गया है। नन्हीं अभिश्री की इस शानदार सफलता से पूरे सीहोर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। अभिश्री की सफलता पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इतनी छोटी उम्र में विश्व रिकॉर्ड बनाकर अभिश्री ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती।

कार्यकर्ताओं के साथ विधायक रैली में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राजधानी भोपाल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ रैली में सीहोर जिले से भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र सीहोर, बुधनी, इछावर और आष्टा से हजारों कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे।

विधायक सुदेश राय के नेतृत्व में सीहोर विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता राजधानी पहुंचे इसी तरह सीहोर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर और मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का बड़ा जत्था राजधानी पहुंचा और पदयात्रा में शामिल हुआ। कांग्रेस और इंडी गठबंधन देश को अस्थिर करना चाहते हैंपदयात्रा से पूर्व भोपाल के अटल पथ पर एक जनसभा का आयोजन किया गया।

जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 90 से अधिक बार चुनी हुई राज्य सरकारों को बर्खास्त करने वाली कांग्रेस किस मुंह से लोकतंत्र की रक्षा की बात करती है।

आपातकाल का स्मरण कराते हुए नड्डा ने कहा मैं खुद आपातकाल का भुक्तभोगी रहा हूं। कांग्रेस अच्छी तरह समझ चुकी है कि देश की जनता उसे अगले 20-30 सालों तक सत्ता में नहीं आने देगी, इसलिए वह चुनाव हारने पर चुनाव आयोग और ईवीएम पर झूठे आरोप लगाती है। उन्होंने राहुल गांधी की राजनीति को हिट एंड रन करार देते हुए सलाह दी कि वे संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाने के बजाय आत्मचिंतन करें।

अदालतों का अपमान करने वालों को जनता माफ नहीं करेगीप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राहुल गांधी और कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो लोग सर्वोच्च न्यायालय का अपमान करते हैं और चुनाव आयोग को अपनी जेब की पुडिया समझते हैं, उन्हें देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। जब-जब अदालतों ने कांग्रेस के खिलाफ फैसले दिए हैं, तब-तब पार्टी ने न्यायपालिका का अनादर किया है और आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

खबर संक्षेप

आईपीएल के खिलाड़ी मैदान पर दिखा रहे दम

सीहोर। शहर के बीएसआई क्रिकेट मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित सेकंड एकलव्य टी-20 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के चौथे दिन भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता के तहत खेले गए दो मुकाबलों में भोपाल लेपर्ड ने निखिल क्रिकेट इंदौर सीनियर को 33 रन से पराजित किया, जबकि दूसरे मुकाबले में एजीसीए ने कैप भोपाल को 44 रन से हराकर जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में राहुल चंदौरोल और दूसरे मुकाबले में शाश्वत भदौरिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। पहले मुकाबले में भोपाल लेपर्ड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 219 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से राहुल चंदौरोल ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मात्र 44 गेंदों पर 8 चौके और 4 छक्कों की मदद से 83 रन बनाए। वहीं अंकुश सिंह ने 33 और कमल त्रिपाठी ने 26 रन का योगदान दिया। इंदौर सीनियर की ओर से अक्षय सिंह और पवन ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि हर्षवर्धन, अभिषेक पाठक, आर्य पटेल और अनुराग को 1-1 विकेट मिला। 220 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी निखिल क्रिकेट इंदौर सीनियर की टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 186 रन ही बना सकी। टीम की ओर से हर्षवर्धन ने 63 और अभिषेक ने 46 रन की पारी खेली। इस तरह भोपाल लेपर्ड ने 33 रन से मुकाबला अपने नाम किया। दिन के दूसरे मुकाबले में एजीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 204 रन बनाए। टीम की ओर से शाश्वत भदौरिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों पर 93 रन की पारी खेली।

नवीन मंडी प्रांगण में आधी रात को लहराए हथियार, किसानों में दहशत


कृषि उपज मंडी में ट्रैक्टर-ट्रॉली में तोड़फोड़ और किसानों को धमकाने के लगे आरोप


विवाद के बाद दोनों पक्ष पहुंचे थाने; किसान संघ ने एसडीओपी से मिलकर मांगी सुरक्षा व्यवस्था, शासकीय जमीन पर कब्जे की भी होगी जांच।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

नगर की नवीन कृषि उपज मंडी में सोमवार की आधी रात किसानों और पारदीपुरा के कुछ लोगों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। विवाद के दौरान हथियार लहराने, किसानों को धमकाने और एक किसान की ट्रैक्टर-ट्रॉली में तोड़फोड़ करने के आरोप लगे हैं। घटना के बाद मंडी परिसर में हड़कंप मच गया। अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे किसानों में डर का माहौल बन गया। मामले में दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर अपनी-अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार विवाद की शुरुआत ट्रैक्टर में तेज आवाज में साउंड बजाने को लेकर हुई थी। इसी बात पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। इस दौरान तलवार लहराने और किसानों को डराने-धमकाने के आरोप भी सामने आए हैं। वहीं एक किसान की ट्रैक्टर-ट्रॉली को नुकसान पहुंचाने की शिकायत की गई है। आधी रात को मंडी परिसर में हुए इस घटनाक्रम से वहां मौजूद किसानों में दहशत फैल गई। किसानों का कहना है कि वे अपनी उपज लेकर मंडी आते हैं, लेकिन यदि मंडी परिसर में ही इस तरह की घटनाएं होंगी तो उनकी सुरक्षा कौन करेगा।

घटना के बाद किसान संघ के पदाधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी रोशन कुमार जैन से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने उन्हें पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए किसान की ट्रैक्टर-ट्रॉली में तोड़फोड़ करने और हथियार लहराकर किसानों को धमकाने के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। किसान संघ का कहना है कि मंडी में अपनी उपज बेचने आने वाले किसानों की सुरक्षा करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। किसान रात में भी अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचते हैं। ऐसे में मंडी परिसर में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होना जरूरी है।





रात में चोरी और लूट की आशंका

किसान संघ के पदाधिकारियों ने नवीन कृषि उपज मंडी की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि मंडी अभी पूरी तरह से नए स्थान पर व्यवस्थित नहीं हुई है। पुराने मंडी परिसर की तरह यहां भी चोरी और लूट की आशंकाएं बनी हुई हैं। किसानों का आरोप है कि रात के समय कुछ लोग चोरी और लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश करते हैं। किसानों की सतर्कता के कारण कई बार ऐसी घटनाएं टल जाती हैं। इसके बावजूद मंडी में रात के समय सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। किसान संघ ने मंडी परिसर में नियमित पुलिस गश्त कराने और रात के समय सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

शासकीय जमीन पर कब्जे का मुद्दा भी उठा

किसान संघ के पदाधिकारियों ने राला स्थित पारदीपुरा में बनाई जा रही नवीन कृषि उपज मंडी की जमीन को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि जिस शासकीय जमीन पर मंडी का निर्माण कराया जा रहा है, वहां पहले से कुछ लोगों का कब्जा था। प्रशासन द्वारा पूर्व में अतिक्रमण हटाकर मंडी निर्माण का काम शुरू कराया गया था। किसान संघ का कहना है कि मंडी की जमीन और वहां की व्यवस्थाओं को लेकर भी स्थिति स्पष्ट होना चाहिए। इस मामले में तहसीलदार सौरभ शर्मा ने बताया कि शासकीय भूमि पर कब्जे के संबंध में पटवारी के माध्यम से जांच कराई जाएगी। पटवारी से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

किसान संघ ने प्रशासन से मांग की है कि नवीन मंडी में रात के समय सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। मंडी परिसर में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और विवाद में शामिल लोगों की भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए। साथ ही ट्रैक्टर-ट्रॉली में तोड़फोड़ और तलवार लहराने के आरोपों की जांच कर जो भी दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। किसानों का कहना है कि मंडी किसानों की उपज बेचने का प्रमुख स्थान है। यहां आने वाले किसानों को सुरक्षा और सुविधाएं मिलना जरूरी है। प्रशासन को इस घटना को गंभीरता से लेते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस

जांच के आधार पर होगी कार्रवाई

शासकीय भूमि पर कब्जे के संबंध में पटवारी के माध्यम से जांच कराई जाएगी। पटवारी से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
सौरभ शर्मा, तहसीलदार

जूट उत्पाद बनाने का हुनर सीख रहीं बेटियां

14 दिवसीय प्रशिक्षण से बनेंगी आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

महिलाओं और बेटियों को हुनरमंद बनाकर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिद्धपुर सेवा भारती समिति द्वारा अच्छी पहल की जा रही है। बैंक ऑफ इंडिया स्टार स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के माध्यम से नगर में 35 बेटियों को 14 दिवसीय जूट उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बेटियों को ऐसा हुनर सिखाना है, जिससे वे आगे चलकर अपना रोजगार शुरू कर सकें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

प्रशिक्षण शिविर में बेटियों को जूट से थैले, सजावटी सामान सहित विभिन्न उपयोगी और आकर्षक उत्पाद बनाने की जानकारी दी जा रही है। उन्हें केवल जानकारी ही नहीं, बल्कि अपने हाथों से उत्पाद तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। खास बात यह है कि प्रशिक्षण लेने के लिए बच्चियों ने स्वयं रुचि दिखाई और समूह बनाकर प्रशिक्षण शुरू किया गया। शिविर का संचालन महिला आयाम की जिला प्रमुख राधिका जैमिनी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। वे लंबे समय से महिलाओं और बेटियों को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रयास कर रही हैं। इससे पहले भी उनके द्वारा ब्यूटी पार्लर, सिलाई-कढ़ाई, मेहंदी और आर्टिफिशियल ज्वेलरी जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। राधिका जैमिनी का कहना है कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके हाथों में हुनर देना जरूरी है। हुनर सीखने के बाद वे स्वयं रोजगार शुरू कर सकती हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में सहयोग दे सकती हैं।

प्रशिक्षण में आरसेटी संस्था के निदेशक अमित गुप्ता, विवेक दिलवरिया, धर्मेंद्र सवासिया, नितेश साहू, सतीश प्रजापति और शिक्षिका संगीता राठौर सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं सहयोग कर रहे हैं। वहीं शक्ति शर्मा और पूजा बैरागी भी प्रशिक्षण में विशेष सहयोग दे रही हैं। सिद्धपुर सेवा भारती समिति का प्रयास है कि नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की अधिक से अधिक महिलाएं और बेटियां ऐसे प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने हुनर को रोजगार का माध्यम बनाएं।

छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

सीहोर। मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के तहत पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल के माध्यम से योजना की पात्रता एवं अन्य शर्तों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से एक माह तक प्राप्त आवेदनों पर प्रथम चरण में विचार किया जाएगा। इसके बाद एक दिन के लिए पोर्टल अस्थायी रूप से बंद कर दूसरे चरण की आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। योजना के तहत निर्धारित 50 सीटों पर चयन के बाद 10 प्रतिशत सीटों की प्रतीक्षा सूची तैयार की जाएगी। आवेदन या दस्तावेजों से संबंधित परेशानी होने पर अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर 0755-2553329, 0755-2675521 अथवा ई-मेल nodaloffi-cerobc@mp.gov.in पर संपर्क कर सकते हैं।

युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

शासकीय महाविद्यालय भैरुंदा में मंगलवार को तीन दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 का शुभारंभ उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएस मीना ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा उत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का अच्छा अवसर प्रदान करता है। उन्होंने



विद्यार्थियों से सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. नीतू पवार ने तीन दिवसीय आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि उत्सव के दौरान विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। पहले दिन पोस्टर निर्माण, कोलाज और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लेकर कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी कल्पनाशीलता और हुनर दिखाने का अवसर मिला। कार्यक्रम का संचालन मोहित गर्ग ने किया, जिसमें श्रीमती प्रणिता यादव का विशेष सहयोग रहा। आभार डॉ. रचना मेहरा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. भारत सिंह रैकवाल, डॉ. देवेंद्र मालवीय, डॉ. रेनू सेन, डॉ. दीपमाला ब्रम्हे, डॉ. उषा राजपूत, डॉ. सुजीता गौड़, धीरज, नितेश मालवीय, मुरलीधर कीर सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

काले पहाड़, गणेश मंदिर में भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीप स्थित काले पहाड़ पर विराजित प्रसिद्ध गणेश मंदिर धीरे-धीरे श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। प्राकृतिक सुंदरता से घिरे इस पहाड़ पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में धार्मिक गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। यहां राम मंदिर और मां नर्मदा के मंदिर का निर्माण किया गया है, वहीं आगामी दिनों में भगवान गणेश के मंदिर का निर्माण कार्य भी पूर्ण किया जाएगा। बुधवार को मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संगठन के तत्वावधान में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की और भगवान गणेश के दर्शन किए।

इस अवसर पर गणेश मंदिर की व्यवस्था संभाल रहे पुजारी लक्ष्मण दास महाराज का ग्राम पंचायत सचिव संगठन के अध्यक्ष घनश्याम मेवाड़ा, करणी सेना के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर और संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने सम्मान किया। उपस्थित लोगों ने



धार्मिक स्थल पर हो रहे सेवा कार्यों और व्यवस्थाओं की सराहना की। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित ने बताया कि स्थानीय मान्यता के अनुसार इसी पहाड़ से भगवान गणेश का स्वरूप प्रकट हुआ था। यही वजह है कि यहां श्रद्धालुओं की विशेष आस्था है। पहाड़ पर चारों ओर फैली हरियाली, घुमावदार रास्ते और चोटी से दिखाई देने वाला प्राकृतिक नजारा पर्यटकों के साथ-साथ भक्तों को भी आकर्षित करता है। विशेषकर बारिश के मौसम में यहां की प्राकृतिक सुंदरता देखते ही बनती है। उन्होंने बताया कि मंदिर के शीघ्र जीर्णोद्धार की पहल की जाएगी, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। परिसर में धार्मिक स्थलों का विकास होने से यह स्थान आने वाले समय में श्रद्धालुओं के लिए और अधिक आकर्षण का केंद्र बनेगा। यहां पर मां नर्मदा मंदिर, राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा यहां पर प्राचीन हनुमान मंदिर-शिव मंदिर आदि है। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित ने भगवान गणेश की महिमा बताते हुए कहा कि गणपति को प्रथम पूज्य और विघ्नहर्ता माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान गणेश दूर्वा अर्पित करने से प्रसन्न होते हैं। गणपति अथर्वशीर्ष सहित धार्मिक परंपराओं में दूर्वा पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। भक्त श्रद्धा और विश्वास के साथ दूर्वा अर्पित कर सुख-समृद्धि और मंगल की कामना करते हैं। उन्होंने भगवान गणेश के प्राकट्य से जुड़ी पौराणिक कथा का वर्णन करते हुए बताया कि माता पार्वती ने अपने उबटन से एक बालक की आकृति बनाई और उसमें प्राण प्रतिष्ठित कर उसे द्वारपाल नियुक्त किया। माता ने बालक को आदेश दिया कि उनकी अनुमति के बिना किसी को भी अंदर प्रवेश न करने दिया जाए। इसी दौरान भगवान शिव वहां पहुंचे और अंदर जाने लगे, लेकिन बालक ने उन्हें रोक दिया। इस बात से क्रोधित होकर भगवान शिव ने त्रिशूल से बालक का सिर अलग कर दिया। जब माता पार्वती को इसकी जानकारी मिली तो वे अत्यंत क्रोधित हुईं। उन्हें शांत करने और बालक को पुनर्जीवन देने के लिए भगवान शिव ने हाथी का मस्तक लगाकर उसे जीवनदान दिया। इसके बाद भगवान शिव ने गणेशजी को प्रथम पूज्य होने का वरदान दिया और उन्हें गणों का अधिपति बनाया। तभी से किसी भी शुभ कार्य और पूजा-अर्चना में सबसे पहले भगवान गणेश का स्मरण किया।

जिला स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में छात्राओं ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में बीवीएम इंटरनेशनल स्कूल भैरुंदा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस सफलता से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अनुशासन, बेहतर तालमेल और शानदार संगीत प्रस्तुति से निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित किया। उनकी प्रस्तुति को सभी ने सराहा और विद्यालय को जिले में पहला स्थान मिला। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही संगीत शिक्षक भरत राज के मार्गदर्शन और मेहनत



की सराहना की। इस सफलता में शिक्षक सतीश चंद्र, रीना व्यास और ऋतु सराठे का भी विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि छात्राओं ने मेहनत, अभ्यास और अनुशासन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। छात्राओं की इस सफलता से विद्यालय परिवार गौरवान्वित है।

सीवन नदी उगल रही गीता-पुराण और देवी देवताओं के चित्र, निकल रहीं धार्मिक पुस्तकें

सीवन स्वच्छता व जलकुंभी निकालो अभियान जोरों पर, महिला घाट से पहुंचा चद्दर पुल






हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीवन को जीवनदायिनी के साथ मोक्षदायिनी नदी कहा जाता है। कुछ महीने पहले तक इसकी दशा से सभी परिचित हैं। एक समय इसका जल काले ऑयल के समान हो गया था, लेकिन सीवन पुत्र टीम की मेहनत को आज पूरा देश जानता है। जिस महिला घाट को स्वच्छ किया गया था, वहां सावन माह में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने कावड़ का जल भरा।10 माह से लगातार सीवन अभियान पूरे देश में नदी संरक्षण के लिए काम कर रहा है। यह अभियान एक क्रांति है, जो नदियों की दशा और दिशा को बदलकर रखेगी। सीवन अभियान के तहत महिला घाट से शुरू हुआ स्वच्छता अभियान अब चद्दर पुल तक पहुंच गया है।पिछले तीन दिनों से चद्दर पुल पर चल रहे स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान गंदे स्थानों से सनातन धर्म की गीता, पुराण, रामायण, हनुमान चालीसा और देवी-देवताओं के चित्र निकले। वहीं बड़ी मात्रा में कचरा और जलकुंभी भी निकाली गई। जलकुंभी निकालो अभियान निरंतर अपनी गति से चल रहा है और सीवन पुत्र टीम का संकल्प है कि 2026 में सीवन में जलकुंभी न रहे, क्योंकि जलकुंभी पानी को सोख लेती है और सीवन में एक बूंद पानी भी देखने को नहीं मिलता।सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया कि लगातार सीवन अभियान से लोग जुड़ रहे हैं। साथ ही अन्य नदियों के संरक्षण के लिए अन्य राज्यों से भी लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं। उन्होंने सीवन अभियान को नदी संरक्षण के लिए एक नई क्रांति बताया।अभियान में सीवन पुत्र के रूप में मुकेश राय, प्रकाश यादव, कनीराम मालवीय, वैभव राठौर, जगदीश वर्मा, कैलाश चव्हाण, लक्ष्मण सिंह चौकसे, प्रदीप साबू, राधेश्याम मकवाना, राजकुमार सोनी, हरिनारायण ठेकेदार, सुरेश भगत, अशोक नामदेव, वीरेंद्र सिंह बिसौरिया, संतोष सिंह सिसोदिया, प्रदीप चावड़ा, सचिन प्रजापत, वैभव केवट, कमल केवट, ललिता कुशवाह, अलका कुशवाह, सीमा शर्मा, ज्योति चावड़ा आदि प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

कोर्ट के आदेश के बावजूद नहीं मिला क्रमोन्नति का लाभ

14 नवंबर से आमरण अनशन करेंगे बैरागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



वन विभाग से सेवानिवृत्त 84 वर्षीय पूर्व वन कर्मचारी नेता एवं प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के उप प्रांत अध्यक्ष केएल बैरागी ने वेतन निर्धारण में कथित गड़बड़ी और क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिलने के विरोध में 14 नवंबर से टाउन हाल के पास आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है, उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर, एसपी, डीएफओ सहित प्रधान मुख्य वन संरक्षक को आवेदन देकर अपनी मांगों से अवगत कराया है।

बैरागी के अनुसार वे मई 2004 में वनपाल के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। हाईकोर्ट जबलपुर के 18 जनवरी 2011 के आदेश के पालन में तत्कालीन वनमंडलाधिकारी सीहोर ने 1 अगस्त 2011 को उन्हें 29 दिसंबर 1988 से वनपाल के पद पर पदोन्नति प्रदान की थी। इसके बाद वनपाल के पद पर वेतन निर्धारण 5200 रुपये के वेतनमान में किया गया था। प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय के वेतन निर्धारण जांच प्रकोष्ठ ने भी 3500-5200 के वेतनमान में निर्धारण को सही माना था, उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन वनमंडलाधिकारी द्वारा किए गए वेतन निर्धारण के करीब डेढ़ माह बाद दूसरे वनमंडलाधिकारी ने 15 सितंबर 2011 को आदेश जारी कर 3500-5100 के वेतनमान में वेतन निर्धारण कर दिया।

इससे उनका पीपीओ संशोधित हो गया और पेंशन कम मिलने लगी, उनका कहना है कि वनपाल पद के लिए उक्त वेतनमान का निर्धारण भी गलत है। बैरागी ने बताया कि हाईकोर्ट में दायर याचिका में 3 अप्रैल 2024 के आदेश के तहत 29 दिसंबर 2000 से क्रमोन्नति का लाभ दिया जाना था, लेकिन अब तक इसका पालन नहीं किया। इस मामले में न्यायालय द्वारा वनमंडलाधिकारी पर 10 हजार रुपये का भुगतान करने का आदेश भी दिया गया था, इसके बावजूद क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिला, उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि न्यायालय के आदेशों के अनुरूप उनका सही वेतन निर्धारण कर क्रमोन्नति का लाभ प्रदान किया जाए।

उप प्रांत अध्यक्ष केएल बैरागी ने चेतावनी दी थी कि यदि एक माह के भीतर उनकी मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो वे 14 नवंबर से टाउन हाल के पास आमरण अनशन शुरू करेंगे, उन्होंने कहा कि अनशन के दौरान कोई घटना होती है तो इसके लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित वरिष्ठ अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

देर शाम तेज स्पीड से दौड़ी ट्रेन, क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर

13 किमी रेल ट्रैक के सीआरएस निरीक्षण के लिए नरसिंहगढ़ पहुंची मुंबई की टीम





हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित रामगंजमंडी-भोपाल रेल लाइन परियोजना के तहत मंगलवार को सोनकच्छ से नरसिंहगढ़ के बीच 13 किलोमीटर लंबे रेल ट्रैक का सफल स्पीड ट्रायल संपन्न हुआ।

सोनकच्छ से तेज स्पीड में चलकर ट्रेन नरसिंहगढ़ पहुंची। पहली बार शहर में ट्रेन को देखकर लोगों में हर्ष उत्साह का माहौल देखा गया। स्पीड ट्रायल के सीआरएस निरीक्षण के लिए मुंबई से रेल आयुक्त गुरुप्रकाश सिंह अपनी टीम के साथ नरसिंहगढ़ पहुंचे। जहां कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हवन पूजन के साथ की गई। इस दौरान अधिकारियों ने पौधरोपण भी करते हुए पर्यावरण सुरक्षा का भी संकल्प दोहराया।

बड़ी संख्या में ट्रेन देखने पहुंचे लोग

पिछले 25 वर्षों से क्षेत्रवासी रेल के लिए प्रतीक्षारत है ऐसे में आप कहीं जाकर क्षेत्र में रेल परियोजना के शुरू होने जा रही है जिसको लेकर क्षेत्रवासियों में भी हर्ष और उत्साह का माहौल है। यही वजह है कि मंगलवार को वह स्पीड ट्रायल को देखने बड़ी संख्या में आम जन रेलवे स्टेशन पहुंचे इस दौरान लोगों का कहना है कि रामगंज मंडी भोपाल रेल परियोजना शुरू होने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी वहीं आवागमन भी सुगम होगा।

इनका कहना है...

सफल ट्रायल हुआ है, इसमें किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। आने वाले छः माह में इस पटरी पर ट्रेन दौड़ने लगेगी।

पंकज त्यागी,
डीआरएम रेलवे मंडल भोपाल

बारीकी से किया निरीक्षण आवश्यक सुधार के दिए निर्देश

इस दौरान रेलवे आयुक्त ने रेलवे निर्माण कार्य सहित संबंधित दस्तावेजों और फाइलों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर ट्रैक और सिग्नल व्यवस्था की जांच कर आवश्यक सुधार के भी निर्देश दिए। इसके बाद रेल संरक्षा आयुक्त और उनकी टीम ट्रॉली के माध्यम से सोनकच्छ की ओर रवाना हुई। टीम सोनकच्छ से नरसिंहगढ़ तक के पूरे 13 किलोमीटर लंबे रेल ट्रैक का भी बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रैक की स्थिति, तकनीकी व्यवस्थाओं, सिग्नल प्रणाली और रेल संचालन से जुड़े सुरक्षा मानकों की सूक्ष्मता से जांच भी की गई।

जांच में कमियां मिलने पर की कार्रवाई

मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाला लीलावती अस्तपाल सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़



शहर में संचालित लीलावती अस्पताल को मंगलवार को सील कर दिया गया। देर शाम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल पहुंच उसे सीलबंद करने की कार्रवाई की। पूर्व में अस्पताल में लापरवाही पूर्वक किए गए इलाज से मरीजों की हुई मौत के मामले में विभाग ने जांच के बाद कार्रवाई करते हुए अस्पताल को बंद करवाया। इस दौरान ने नियम विरूद्ध अस्पताल संचालन पर प्रबंधन पर भी कार्रवाई की बात कही है। कार्रवाई के दौरान सीएमएचओ डॉ शेख जलालुद्दीन, सीबीएमओ आर के अहिरवार, तहसीदार सुनीता देहरवाल , थाना प्रभारी गुंजा सोलंकी, एसआई अभय सिंह सहित विभागीय टीम मौजूद रही।

महिला की मौत पर हुआ था हंगामा

लीलावती अस्पताल में लगातार गड़बड़ियों की शिकायतें मिल रही थीं। कुछ माह पूर्व पेट दर्द के कारण अस्पताल में भर्ती हुई महिला की मौत होने के बाद परिजनों ने लापरवाहीपूर्वक इलाज के आरोप लगाए थे। जिसकी स्वास्थ्य विभाग सहित प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायतें की गई थीं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने मौके पर पहुंच अस्पताल में छानबीन करते हुए जांच प्रतिवेदन तैयार किया था। इसी की जांच में अस्पताल में कमियां मिलने पर इसे सील करने की कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि अस्पताल प्रबंधन ने जो जानकारियां स्वास्थ्य विभाग को दी थी वह भी सही नहीं थी। इन्ही सब कमियों को दृष्टिगत करते हुए मामले में कार्रवाई की गई।

शहर में लैब, क्लीनिक की भरमार

देखने में आया है कि शहर में लगातार निजी अस्पताल, लैब और क्लीनिक खुल गए हैं। जिन पर भी आए दिन गलत जांच रिर्पोट देने और मरीजों का लापरवाही पूर्वक इलाज किए जाने के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में जिम्मेदार नागरिकों ने फर्जी तरीके से संचालित हो रहे स्वास्थ्य संस्थानों की भी जांच की मांग उठाई है।



इनका कहना है...

लीलावती अस्पताल में पूर्व में मरीज की हुई मौत और अन्य मामलों की जांच के आधार पर अस्पताल को सील किया गया है। जल्द ही अन्य संस्थानों की भी जांच की जाएगी।

आरके अहिरवार
बीएमओ नरसिंहगढ़

ग्राम भुन्याखेड़ी में 30 करोड़ की भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई





मंदसौर। कलेक्टर दिव्यांक सिंह के निर्देशन में प्रशासन द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम भुन्याखेड़ी में 30 करोड़ रुपए की शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई है। एसडीएम शूभम पाटीदार ने बताया कि ग्राम भुन्याखेड़ी स्थित शासकीय सर्वे नंबर 514 में से रकबा 0.75 हेक्टेयर अनुमानित कीमत 30 करोड़ से अतिक्रमणकर्ता साबिर पिता बफाति हड्डी के अतिक्रमण को मंदसौर नगर तहसीलदार नीलेश पटेल एवं राजस्व दल द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में हटा कर कब्जा कर्मचारी आवास निगम विंध्याचल भवन भोपाल की ओर से उपस्थित राहुल चौहान एवं नगर पालिका मंदसौर कार्यपालन यंत्री पीएस धार्वे को दिया गया। मौके पर कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार अभिषेक चौरसिया, राजस्व निरीक्षक विकास चौहान, पटवारी राजेंद्र चंदेल, राजेश मेहता, गोवर्धन पाटीदार रविंद्र पाटीदार, माधुरी परमार, नगर पालिका इंजीनियर शाहिद मिर्जा एवं अन्य उपस्थित रहे।

डॉ. भाटी ने क्रिकेट मैच रेफरी परीक्षा में हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मप्र क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व क्रिकेट अंपायर एवं ऑब्जर्वर तथा बीसीसीआई से जुड़े एंटी करप्शन अधिकारी डॉ. शिवसिंह भाटी ने क्रिकेट मैच रेफरी की परीक्षा में 70 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर मंदसौर जिले का गौरव बढ़ाया है। डॉ. भाटी लंबे समय से क्रिकेट के क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा अपनी सेवाएं दे रहे हैं। क्रिकेट के प्रति उनके अनुभव, समर्पण और कार्यकुशलता का ही परिणाम है कि उन्होंने मैच रेफरी की महत्वपूर्ण परीक्षा में सफलता हासिल की। जानकारी के अनुसार मैच रेफरी पद के लिए आयोजित परीक्षा में मध्यप्रदेश से लगभग 60 प्रतियोगियों ने भाग लिया था, जिनमें से केवल 20 अभ्यर्थियों को सफलता प्राप्त हुई है।

अवैध शराब की 113 बोतल जब्त की

मंदसौर। जिला आबकारी अधिकारी रामहंस पचौरी द्वारा बताया गया कि मंदसौर नगर में अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए शिवना ब्रिज के पहले जेल के पीछे स्थित रिहायशी मकान से प्रदीप पिता श्यामलाल से देशी मदिरा की 48 बोतल जप्त की गई। वहीं सीतामऊ ब्रिज के आगे मंदसौर सीतामऊ मार्ग पर स्थित एक गुमटी से देशी मदिरा प्लेन की 65 बोतल जप्त की गई, जिसमें आरोपी की तलाश जारी है। वही ढाबों की चेकिंग में सीतामऊ रोड स्थित अपना ढाबा पर सघन तलाशी ली गई। उक्त कारवाही में आबकारी एक्ट की धारा 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए।

पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना

हितग्राही बच्चों को कलेक्टर ने दीपावली की मिठाई और गिफ्ट प्रदान किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के हितग्राही बच्चों को कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने बुधवार को कार्यक्रम में दीपावली की मिठाई तथा गिफ्ट प्रदान किए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग अंकिता पंड्या उपस्थित थीं। इस अवसर पर कलेक्टर ने सब बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरा प्रशासन बच्चों के साथ है प्रशासन बच्चों का परिवार है कोई भी समस्या हो बच्चे तत्काल किसी भी समय मुझसे संपर्क कर सकते हैं। कलेक्टर द्वारा बच्चों से आत्मीयता के साथ चर्चा की गई बच्चों को स्नेह तथा अपनत्व प्रदान किया।

इस दौरान अंकिता पंड्या ने बताया कि योजना के हितग्राही बच्चों का हेल्थ चेकअप भी कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत हितग्राही वे बच्चे हैं जिनके माता-पिता की कोरोना काल में मृत्यु हो गई थी।

यादव समाज ने मृत्युभोज नहीं करने का दोहराया संकल्प, मंदिरों और सामाजिक संगठन को दी 11000-11000 रुपये की दानराशि

पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव के बड़े भाई पटेल भंवरलाल यादव का नहीं होगा मृत्यु भोज

ब्यावरा। ग्राम बरखेड़ा में विगत दिवस नेता हजारीलाल यादव, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव के बड़े भाई एवं महेश यादव के पिता पटेल साहब भंवरलाल यादव निवासी ग्राम बरखेड़ा ब्यावरा का स्वर्गवास हो गया था। मंगलवार को उठावना एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान परिजनों ने अवगत कराया कि अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर, यादव धर्मशाला ट्रस्ट उज्जैन एवं यादव समाज जिला राजगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में मृत्यु भोज को सीमित करने अथवा प्रतिबंधित करने के संबंध में चलाए जा रहे अभियान से सहमत होकर कोई शोक पत्र जारी नहीं किया गया है। परिजनों ने यह भी अवगत कराया कि स्वर्गीय आत्म शांति के लिए सभी कार्यक्रम होंगे परंतु मृत्यु भोज नहीं होगा। दिनांक 11.11. 26 को घाटा और दिनांक 12.11.2026 को पगड़ी



कार्यक्रम होगा। परिजनों ने स्वर्गीय पटेल साहब की स्मृति में दान स्वरूप राशि यादव धर्मशाला ट्रस्ट उज्जैन को 11,000 रूपये, यादव धर्मशाला ब्यावरा, जिला राजगढ़ के लिए 11000 रूपये, श्रीराम खेड़ापति हनुमान मंदिर के लिए 11000 रूपये, बरखेड़ा के रोड वाले हनुमानजी मंदिर के लिए 11000 तथा मुक्तिधाम स्थल ग्रएम बरखेड़ा में वृक्षारोपण एवं ट्रीगार्ड, बैठक के लिए बैंच लगाने की घोषणा की गई।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार, राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व विधायक धूलसिंह यादव नरसिंहगढ़ बोड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, डॉ. कैलाश मिश्रा, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. भारत वर्मा, फूलसिंह मीना बीनागंज, यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, सेवा निवृत्व षिक्षक डी.आर. यादव, पटेल लक्ष्मीनारायण सेठजी, नेमसिंह यादव जामी, राधेश्याम यादव सीलखेड़ा सहित बड़ी संख्या में स्वजातिय बंधू एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

महाविद्यालय में नव प्रवेशित एमबीबीएस विद्यार्थियों का वाइट कोट समारोह आयोजित

मंदसौर। सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में नव प्रवेशित एमबीबीएस विद्यार्थियों के स्वागत एवं चिकित्सा शिक्षा के प्रति उनके दायित्वों का बोध कराने के उद्देश्य से व्हाइट कोट समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। यह महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाला एमबीबीएस का तीसरा बैच है। समारोह के दौरान महाविद्यालय के समस्त विभागों के प्राध्यापकों एवं संकाय सदस्यों ने विद्यार्थियों से अपना परिचय साझा किया तथा अपने-अपने विषय एवं विभाग की भूमिका से अवगत कराया। इससे नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण एवं चिकित्सा शिक्षा की विभिन्न विधाओं को समझने का अवसर मिला। मुख्य अतिथि अधिष्ठाता डॉ. शशि गांधी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में चिकित्सा पेशे के वास्तविक अर्थ एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉक्टर बनना केवल एक शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण नैतिक एवं मानवीय जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा के प्रत्येक चरण में अनुशासन, ईमानदारी, नैतिक मूल्यों एवं कर्तव्यनिष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि एक सफल चिकित्सक बनने के लिए विषयगत ज्ञान एवं चिकित्सकीय दक्षता के साथ संवेदनशीलता, विनम्रता और मानवीय दृष्टिकोण भी आवश्यक हैं। समारोह ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए चिकित्सा शिक्षा की यात्रा का एक प्रेरणादायी एवं स्मरणीय प्रारंभ प्रस्तुत किया।

पटाखा गोदाम का एसडीएम ने किया निरीक्षण, फायर सुरक्षा व्यवस्थाओं की ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़

दीपावली पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट नजर आ रहा है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राहुल चौहान ने शामगढ़ स्थित पटाखा गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोदाम में अग्नि सुरक्षा (फायर सेफ्टी) से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त की निरीक्षण के दौरान कार्यपालन मजिस्ट्रेट भीम सिंह खराड़ी एवं कस्बा पटवारी मुकेश साल्वी उपस्थित रहे।

शासन से राशि नहीं मिलने और वसूली कम होने का हवाला दे रहे सीएमओ

दीपावली का पर्व सिर पर, नगर परिषद के 50 से अधिक कर्मचारियों का दो माह से वेतन अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



नगर परिषद कुरावर में कर्मचारियों के वेतन भुगतान को लेकर गंभीर स्थिति सामने आई है। नगर परिषद के 50 से अधिक कर्मचारियों को सितंबर और अक्टूबर माह का वेतन अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। वहीं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों से लेकर स्थायी कर्मचारियों तक को अक्टूबर माह का वेतन नहीं मिला है।

लगातार वेतन अटके रहने और दिवाली का त्योहार नजदीक होने से कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में कर्मचारियों को अपने नियमित खर्चों के साथ ही त्योहार की तैयारियों को लेकर भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद में कार्यरत कर्मचारी नगर की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और अन्य आवश्यक सेवाओं की जिम्मेदारी निभाते हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक नगर की व्यवस्थाओं को सुचारू रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके बावजूद समय पर वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों के सामने आर्थिक परेशानियां बढ़ रही हैं। बच्चों की पढ़ाई, घरेलू खर्च, राशन और अन्य जरूरी जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल होता जा रहा है।

त्योहार से पहले भुगतान की उम्मीद, कर्मचारियों की निगाहें परिषद प्रशासन पर


अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब नगर परिषद के 50 से अधिक कर्मचारियों का दो माह का वेतन लंबित है और अन्य कर्मचारियों को भी अक्टूबर माह का भुगतान नहीं हुआ है, तो आखिर वेतन की व्यवस्था कब तक होगी? कर्मचारियों को दिवाली से पहले भुगतान होने की उम्मीद है। हालांकि सीएमओ द्वारा व्यवस्था करने का आश्वासन तो दिया गया है, लेकिन भुगतान की कोई निश्चित तारीख सामने नहीं आई है।

इनका कहना है...

नगर परिषद की अपेक्षित राजस्व वसूली नहीं होने और शासन से राशि नहीं मिलने के कारण फिलहाल कर्मचारियों को वेतन देने में असमर्थता बनी हुई है। कर्मचारियों की परेशानी को देखते हुए प्रयास किया जाएगा कि त्योहार के अवसर पर कुछ व्यवस्था की जा सके।

समंदर सिंह चौहान
सीएमओ नगर परिषद कुरावर

नरसिंह मंदिर में कुलदेवी महालक्ष्मी का धनतेरस पर किया जाएगा विशेष श्रृंगार



मंदसौर। स्थानीय नरसिंहपुरा स्थित अग्रवाल समाज के प्राचीन भगवान नरसिंह मंदिर के दरबार में विद्यमान कुलदेवी महालक्ष्मी के दरबार को अग्रवाल समाज देसी पंचायत मंदसौर द्वारा धनतेरस के अवसर पर नगर में प्रथम बार करोड़ों रुपये की भारतीय मुद्रा एवं गहनों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदसौर नगर में पहली बार नगर वासियों को रतलाम की तर्ज पर 6 नवंबर धनतेरस पर्व से 10 नवंबर भाई दूज पर्व तक श्रृंगार देखने को मिलेगा। धनतेरस पर प्रसिद्ध भागवताचार्य डॉ देवेंद्र शास्त्री धारियाखेड़ी के सानिध्य में प्रातः 7.30 से 11.30 बजे तक श्री महालक्ष्मी सहस्त्रर्चन अभिषेक, 108 कनकधारा स्त्रोत के पाठ सौभाग्य श्रृंगार विशेष दर्शन का आयोजन होगा। संध्या 4 बजे से करोड़ों रुपये एवं सोने चांदी के जेवरात से श्रृंगारित महालक्ष्मी के दरबार के दर्शन देर रात तक होंगे तथा रात्रि 8 बजे आतिशबाजी और ढोल धमाकों के साथ महा आरती होगी तथा 251 किलो पेडे का प्रसाद सुबह से ही भक्तों में वितरित किया जाएगा।

खबर संक्षेप

किराना दुकान पर अवैध पटाखा विक्रय की सूचना पर की संयुक्त कार्रवाई

सीहोर। दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिले में अवैध पटाखों के विक्रय एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम तन्मय वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के निर्देशानुसार थाना कोतवाली अंतर्गत कस्बा पीली मस्जिद के पास स्थित एक किराना दुकान पर अवैध रूप से पटाखों के विक्रय की सूचना मिलने पर संयुक्त कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार सीहोर अमित सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली गिरीश दुबे, पुलिस थाना कोतवाली की टीम एवं नगर पालिका का अमला शामिल रहा। संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध पटाखा विक्रय एवं भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

पंजीयन कार्य में तेजी लाने दिए निर्देश

सीहोर। अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना ने तहसील इछावर अंतर्गत स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों के दस्तावेजों के पंजीयन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतवार पंजीयन की स्थिति की जानकारी लेते हुए योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा शेष पात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री सक्सेना ने राजस्व अधिकारियों एवं मैदानी अमले को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने तथा पंजीयन कार्य में आ रही समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में एसडीएम स्वाति मिश्रा सहित तहसीलदार, राजस्व अधिकारी, पटवारी उपस्थित रहे।

मुस्कान बिखेरेगा अग्रसोच फाउंडेशन

सीहोर। दीपावली रोशनी, उमंग और खुशियों का पर्व है। यह पर्व हमें अपने घर-आंगन को रोशन करने के साथ ही दूसरों के जीवन में भी खुशियों का उजाला लाने की प्रेरणा देता है। इसी भावना को सेवा का संकल्प बनाते हुए सामाजिक संस्था अग्रसोच सोशल फाउंडेशन (पंजी.), सीहोर इस दीपावली विशेष बच्चों के बीच पहुंचकर उनके साथ पर्व की खुशियां साझा करेगी। संस्था द्वारा आगामी 5 नवंबर, गुरुवार को दोपहर 2 बजे कोलीपुरा के समीप स्थित वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय में दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्य विद्यालय के बच्चों के साथ समय बिताएंगे और उन्हें दीपावली की खुशियों में सहभागी बनाएंगे। इस पहल का उद्देश्य केवल उपहार देना या त्योहार मनाना नहीं, बल्कि बच्चों के साथ आत्मीयता के कुछ पल साझा करना, उनके प्रति सम्मान और अपनत्व व्यक्त करना तथा समाज में संवेदनशीलता का संदेश देना है। अक्सर त्योहारों के अवसर पर हम अपने परिवार और परिचितों के बीच खुशियां मनाते हैं, लेकिन जब यही खुशियां बच्चों के साथ साझा की जाती हैं, जिन्हें विशेष देखभाल और सहयोग की आवश्यकता होती है, तो त्योहार का आनंद और भी सार्थक हो जाता है।

अखिल भारतीय बलाई मालवीय समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

समय के साथ चलें और योजनाओं का लाभ उठाने आगे आएं, लाभ उठाएं: इंजीनियर

विधायक ने समाज के सभी संगठनों से की अपील, समाज को आज ऐसे लोगों की चिंता करने की जरूरत है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज संगठन आष्टा विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं वरन सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में अपनी सक्रियता एवं समाज के उत्थान,विकास को लेकर ग्राम ग्राम तक गतिविधिया चलाने के कारण हमेशा अग्रणीय रहा है । लेकिन आज समाज में हमारे कई लोग ऐसे हैं जो आज भी अपनी जीविका चलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं । समाज को आज ऐसे लोगों की चिंता करने की जरूरत है,समाज के सभी संगठनों से मेरी अपील है कि वह समय के साथ चले तथा सरकार ने उनके उत्थान और विकास के लिए एक नहीं अनेकों योजनाएं लागू की है वह आगे आए और आगे आकर के सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं उक्त उदगार आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज अपने जन्म दिवस पर श्री अखिल भारतीय बलाई मालवीय समाज संगठन द्वारा आयोजित स्वागत सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए समाज की धर्मशाला के प्रांगण में व्यक्त किये । इस अवसर पर अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज संगठन के वरिष्ठ बापूलाल मालवीय,लोकतंत्र सेनानी विश्राम सिंह मालवीय, अंबाराम मालवीय, जगदीश चौहान,पार्षद राजकुमार मालवीय,प्रहलाद सिंह कानराखेड़ी, कृपाल सिंह मालवीय,जितेंद्र सिंह,रमेशचंद्र टिपाखेड़ी सहित अनेको समाज के बंधुओ ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का उनके जन्म दिवस पर भव्य स्वागत सम्मान कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा की आज आपका बेटा आष्टा विधानसभा क्षेत्र का सभी के आशीर्वाद से विधायक बना है,सभी के लिये बिना भेदभाव के विकास के कार्य कर रहा हु। प्रधानमंत्री विकसित भारत अभियान के तहत वह आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी लगभग 300 ग्रामों में एवं 144 ग्राम पंचायत में घूमा हु तथा प्रयास किया है कि वह सभी समाज और सभी वर्गों को विकास योजनाओं, पात्र हितग्राहियों को विकास योजनाओं का लाभ प्रदान हो। और इसको लेकर लगातार कार्य में प्रयास कर रहे हैं जो भी पात्र हितग्राही है उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। आज समाज को एकजुट एवं जाग्रत होने की बड़ी आवश्यकता है। समाज के संगठन साथ चले, आगे आए और समाज को जागृत करें। आज सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास कर रही है। अपने जन्मदिन पर समाज ने जो सम्मान दिया उसके प्रति उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

1 लाख 33 हजार से अधिक की शराब व महुआ लाहन जब्त

आबकारी विभाग ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। विभाग की अलग-अलग टीमों ने जिले के विभिन्न गांवों में दबिश देकर कुल 7 प्रकरण दर्ज किए और बड़ी मात्रा में अवैध शराब एवं महुआ लाहन जब्त किया। प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि प्राप्त सूचनाओं एवं शिकायतों के आधार पर वृत्त आष्टा, सीहोर, बुदनी एवं भैरूंदा क्षेत्र में कार्रवाई की गई। ग्राम जावर में दबिश देकर 15 पाव देशी मदिरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वहीं शिकारपुर में 10 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा जब्त कर एक आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। इसी तरह ग्राम बागलीखेड़ा (पांगरी) में किराना दुकान पर दबिश देकर 28 पाव देशी मदिरा, 2 पाव विदेशी मदिरा एवं 2 बोतल बीयर जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। ग्राम पुरी में 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। इसके अलावा ग्राम सिंहरपुर एवं सिंहरपुर पठार में तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब निर्माण के लिए तैयार लगभग 1200 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। मौके से आरोपी फरार होने एवं नाम-पता ज्ञात नहीं होने पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विभाग द्वारा जब्त महुआ लाहन को मौके पर विधिवत नष्ट किया गया तथा सभी प्रकरणों में बरामद मदिरा को कब्जे में लिया गया। इस कार्रवाई में कुल 7 प्रकरण दर्ज कर 43 पाव देशी मदिरा, 2 पाव विदेशी मदिरा, 2 बोतल बीयर, 46 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा एवं 1200 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 1 लाख 33 हजार 440 रुपये आंका गया है। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी संगीता नायक, आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुंडल, आबकारी रिया जैन, मुख्यं आरक्षक वैभव नागवंशी, आबकारी आरक्षक आकाश कोरी, सत्यलवान वर्मा, शिखा चौरे सहित नगर सैनिकों का सराहनीय योगदान रहा।

दूसरों को हंसाने और रुलाने के बजाय अपनी इंद्रियों को वश में करना सीखें: सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आज कई युवा अधिक पढ़-लिखकर भी जीवन की वास्तविक दिशा से भटक रहे हैं। व्यक्ति दुनिया को हंसा सकता है, फंसा सकता है और रुला सकता है, लेकिन उसे यह विचार करना चाहिए कि उसने स्वयं के लिए और अपनी इंद्रियों को वश में करने के लिए क्या किया है। जीवन में आत्मा तक पहुंचने की कला आना चाहिए। उक्त आशीष वचन समाधि सम्राट वात्सल्य रत्नाकर मुनिराज भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में व्यक्त किए। मुनि श्री ने कहा कि व्यक्ति दुनिया का सम्राट बनना चाहता है, लेकिन वह स्वयं को ही नहीं संभाल पा रहा है। दूसरों पर प्रभाव जमाने की चाह रखने वाला व्यक्ति अपनी आत्मा के कल्याण के लिए कुछ नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं जिनवाणी स्वयं को सुनाता हूं, दूसरों को नहीं। जब तक मिथ्यात्व दूर नहीं होगा, तब तक वास्तविक संतोष की प्राप्ति नहीं हो सकती। संयम ग्रहण कर मन को मजबूत बनाना आवश्यक है। मुनि सागर महाराज ने सम्यक दर्शन की महत्ता बताते हुए कहा कि जब तक मिथ्यात्व रहेगा, तब तक सम्यक दर्शन की प्राप्ति नहीं होगी। इसी प्रकार अन्याय भी सम्यक दर्शन की प्राप्ति में बाधक है। आज न्याय व्यवस्था को लेकर भी लोगों में निराशा है। पहले राजा के सिंहासन का विशेष प्रभाव होता था। राजा न्याय करता था, अन्याय नहीं। आज न्याय पाने के लिए व्यक्ति दर-दर भटकता है। इस स्थिति में सम्यक दर्शन दुर्लभ होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को जिस कुल में जन्म मिला है, उस कुल के संस्कारों और लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए। लौकिक और सांसारिक दोनों क्षेत्रों में अन्याय के कारण जीवन प्रभावित होता है। जब संसार प्रतिकूल होता है तो वातावरण भी बिगड़ने लगता है। आज प्रत्येक प्राणी का जीवन संकट में है और लोगों के आचार-विचार भी निरंतर क्षीण होते जा रहे हैं। मुनि श्री ने कहा कि अन्याय चाहे किसी भी रूप में हो, वह उचित नहीं है। लोकोत्तर अन्याय से भी व्यक्ति के परिणाम बिगड़ते हैं। इसलिए आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए मिथ्यात्व का त्याग, संयम, सदाचार और सम्यक दृष्टि को जीवन में अपनाना आवश्यक है।

9 को दो बड़े समारोह

समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 नवंबर सोमवार को जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक अर्थात निर्वाण महोत्सव बड़े हर्ष और उत्साह के साथ सभी मंदिरों में मनाया जाएगा और इसी दिन प्रातः 9 बजे निर्वाण लाडू चढ़ाने के पश्चात मुनि सागर महाराज, अभेद सागर महाराज,अगर्भ सागर महाराज एवं क्षुल्लक मंथन सागर महाराज का भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह किला मंदिर के धर्म सभागार में आयोजित किया गया है।

उर्वरता बढ़ाने के उपायों के प्रति किया जागरूक

सीहोर। जिले में खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत सीहोर विकासखंड की ग्राम पंचायत चरनाल में कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को नरवाई प्रबंधन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नरवाई के उचित प्रबंधन के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न कृषि यंत्रों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में किसानों को मृदा स्वास्थ्य एवं खेतों की उत्पादकता बनाए रखने के लिए आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। कृषि अधिकारियों ने बताया कि भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए उर्वरकों का संतुलित मात्रा में उपयोग करना आवश्यक है। मिट्टी की सेहत सुधारने, भूमि संरक्षण तथा खेतों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के तरीकों के बारे में समझाया।

जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों को राहत व मुआवजा प्रदान करने की मांग

देवास। अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था द्वारा देवास जिले में वर्षा की कमी एवं अनियमित बारिश के कारण प्रभावित हो रही फसलों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर प्रभावित किसानों को राहत एवं मुआवजा प्रदान करने की मांग की। जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह गुर्जर ने ज्ञापन में बताया कि देवास जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त एवं नियमित वर्षा नहीं होने के कारण खरीफ फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसके चलते किसानों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए राजस्व एवं कृषि विभाग के माध्यम से जिले के खेतों और वर्षा की स्थिति का तत्काल सर्वेक्षण कराया जाना आवश्यक है। संस्था ने मांग की कि सर्वेक्षण में सूखे की स्थिति सामने आने पर देवास जिले को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए तथा प्रभावित किसानों को उचित राहत राशि, मुआवजा, फसल बीमा एवं शासन की अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही किसानों के हित में शीघ्र निर्णय लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

कनेक्ट प्रोग्राम से विद्यार्थियों के लिए खुले नए द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता की दिशा में देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, आष्टा ने एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। विद्यालय ने देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के साथ स्कूल कनेक्ट प्रोग्राम के अंतर्गत आधिकारिक साझेदारी की है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गौरव का विषय है, बल्कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक और तकनीकी विकास के नए अवसर भी खोलेगी।इस साझेदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को आईआईटी मद्रास से जुड़े शैक्षणिक कार्यक्रमों, विशेषज्ञों के मार्गदर्शन, नवाचार आधारित शिक्षण एवं कौशल विकास के अवसर प्राप्त होंगे। विद्यार्थियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में अपनी रुचि विकसित करने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होने का मौका मिलेगा।विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें आधुनिक तकनीक, रचनात्मक सोच, समस्या समाधान एवं नवाचार के क्षेत्र में सक्षम बनाना है। विद्यालय के निदेशक सैयद परवेज़ अली, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, डॉ. योगेश पोपट, पायल अली, डॉ. संगीता सिन्हा एवं सैयद आदिल अली तथा संयुक्त निदेशक डॉ. एम. एन. सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और तकनीकी कौशल विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी।प्राचार्य अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान समय में पारंपरिक शिक्षा के साथ तकनीकी ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल देना अत्यंत आवश्यक है। आईआईटी मद्रास के साथ यह जुड़ाव विद्यार्थियों को नई संभावनाओं से परिचित कराएगा।

रैली की जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए: हरपाल ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार भाजपा की फिर भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन गृहमंत्री अमित सहित पूरी सरकार लोकतंत्र बचाओ रैली निकाल रहे तो फिर लोकतंत्र को खतरा किससे हे रैली की जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए - हरपाल ठाकुर

अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर ने लोकतंत्र बचाने का मार्च निकालने वाले भाजपा व मोदी सरकार से कुछ सीधे सवाल उठाकर पूछा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी,आज भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में लोकतंत्र बचाने के नाम पर मार्च निकाल रही है।

मेरा आपसे एक सीधा सवाल है—जब प्रधानमंत्री आप हैं, गृह मंत्री आप हैं, सरकार आपकी है और सत्ता की पूरी जिम्मेदारी आपके हाथों में है, तो फिर लोकतंत्र को खतरा किससे है? और लोकतंत्र बचाने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? नेता विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस और विपक्ष दल जब रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान चलाते हैं, लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और संविधान की रक्षा की आवाज उठाते हैं, तो यह विपक्ष के रूप में उनकी जिम्मेदारी है। लेकिन सत्ता में बैठी सरकार ही लोकतंत्र बचाने के नाम पर मार्च निकाले, तो देश यह जानना चाहता है कि आखिर सरकार अपनी जिम्मेदारियों से जवाबदेही क्यों नहीं ले रही है? राजनाथ सिंह, आप मध्य प्रदेश में यात्रा निकालने आ रहे हैं। जरा मध्य प्रदेश की स्थिति पर भी नजर डालिए।

जहरीली शराब से लोगों की मौतों की घटनाएं, देवास जिले में शराब माफियाओं का आतंक और खातेगांव क्षेत्र में एक युवा थाना प्रभारी की कुचलकर हत्या जैसी गंभीर घटनाएं सरकार की कानून-व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े करती हैं। प्रदेश में शराब माफिया बेखौफ हैं, नौजवान रोजगार के लिए परेशान हैं और आम नागरिक अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। आखिर इन सवालों का जवाब कौन देगा? हरपाल ठाकुर ने पूछा कि भगवान श्रीराम के नाम पर राजनीति और चंदा लेने वालों से देश पूछ रहा है कि मर्यादा, न्याय और जनकल्याण के आदर्शों का पालन कब होगा? हरपाल ठाकुर ने कहा प्रधानमंत्री जी, देश को मार्च नहीं, जवाब चाहिए। नारे नहीं, जवाबदेही चाहिए।

माय भारत केंद्र ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ बिताया आत्मीय समय

वृद्धजनों से संवाद कर दवाइयों व भोजन का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



समाज में वृद्धजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता एवं सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माय भारत केंद्र सीहोर द्वारा संकल्प वृद्धाश्रम एवं पुनर्वास केंद्र में सेवा गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान युवाओं ने वृद्धजनों के साथ लगभग एक घंटे तक आत्मीय संवाद कर उनके जीवन के अनुभवों, समस्याओं एवं आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम में वृद्धजनों के बीच बैठकर उनसे आत्मीय बातचीत की गई। इस दौरान बुजुर्गों ने अपने जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए। संवाद के माध्यम से जानकारी मिली कि वृद्धाश्रम में छत्तीसगढ़, कोलकाता सहित विभिन्न क्षेत्रों के वृद्धजन निवास कर रहे हैं। इनमें कई बुजुर्ग बीमारी, पारिवारिक समस्याओं एवं आर्थिक कठिनाइयों के चलते आश्रम में रह रहे हैं। इस अवसर पर वृद्धजनों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सूची के अनुसार आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही सभी वृद्धजनों के साथ बैठकर भोजन किया गया एवं उन्हें भोजन वितरित किया गया। युवाओं ने बुजुर्गों की बातें सुनकर उन्हें अपनत्व, सम्मान और भावनात्मक सहयोग प्रदान करने का प्रयास किया। सेवा गतिविधि का उद्देश्य वृद्धजनों के अकेलेपन को कम करना, उनकी समस्याओं को समझना तथा उनके जीवन में खुशियां और अपनापन लाना रहा। इस पहल के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं तथा उनके अनुभव और मार्गदर्शन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम के माध्यम से माय भारत केंद्र सीहोर ने बुजुर्गों के प्रति सेवा, सहयोग एवं संवेदनशीलता की भावना को निरंतर बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया।

सैकेंड एकलव्य टी-20 लीग में सीहोर अकादमी की शानदार जीत, रेलवे यूथ भोपाल को 65 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई क्रिकेट मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित सैकेंड एकलव्य टी-20 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के तीसरे दिन मंगलवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में एकलव्य क्रिकेट अकादमी सीहोर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रेलवे यूथ भोपाल को 65 रन से पराजित किया। वहीं दूसरे मुकाबले में फैथ क्रिकेट क्लब ने निखिल क्रिकेट इंदौर सीनियर को 39 रन से शिकस्त दी। दिन के दोनों मुकाबलों में बल्लेबाजों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। सीहोर की ओर से गौरव पिचोनिया ने महज 25 गेंदों पर 69 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि फैथ क्रिकेट क्लब के पृथ्वीराज सिंह ने 54 गेंदों पर 116 रन बनाकर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। पहले मुकाबले में एकलव्य क्रिकेट अकादमी सीहोर ने टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 225 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से गौरव पिचोनिया ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मात्र 25 गेंदों पर 69 रन बनाए। वहीं नयनराज मेवाड़ा ने 54 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। अतुल कुशवाहा ने 29 रन, कनिष्क ने 20 रन, आरव मसीह ने 13 रन और अमित शर्मा ने 10 रन का योगदान दिया। रेलवे यूथ भोपाल की ओर से गेंदबाजी करते हुए विवेक झा और जावेद हुसैन ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि इरशाद खान ने एक विकेट लिया। 226 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे यूथ भोपाल की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 160 रन ही बना सकी। टीम की ओर से आदित्य ने 78 रन की शानदार पारी खेली। अभिषेक ने 25 रन, संस्कार ने 15 रन और सौरभ ने 10 रन बनाए। सीहोर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमित शर्मा और आदित्य सिंह ने तीन-तीन विकेट हासिल किए, जबकि नयनराज और नरेन्द्र ने एक-एक विकेट लिया। इस तरह एकलव्य क्रिकेट अकादमी सीहोर ने 65 रन से मुकाबला अपने नाम किया। पृथ्वीराज सिंह ने 54 गेंदों पर जड़ा 116 रन का शतक दिन का दूसरा मुकाबला फैथ क्रिकेट क्लब और निखिल क्रिकेट इंदौर सीनियर के बीच खेला गया।